हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 13 अप्रैल 2026

06 सांदीपनि विद्यालय में हुआ उत्कृष्ट छात्रों का...



09 एक साल में आरटीओ ने 334 वाहनों पर कसा...





## खबर संक्षेप



### समाजसेवी नरेंद्र खंगराले का सम्मान

**सीहोर।** शिक्षा के अग्रदूत महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबाफुले की जयंती पर स्थानीय भोपाल नाका स्थित समाजसेवी नरेन्द्र खंगराले का महात्मा ज्योतिबा फुले समिति द्वारा उनके दलित हितेशी कार्यों को देखते हुए पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर खंगराले ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले सत्य शोधक समाज की स्थापना कर शिक्षा की ज्योति को जलाया। उन्होने गरीबों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर पूर्व सहायक संचालक शिक्षा रिटा.आर.के.बांगरे पूर्व पार्षद आरती नरेन्द्र खंगराले, शिक्षक शैलजा शैल, निर्मला मालेकर, कमल कीर, दिनेश पुष्पद, जनम सिंह परमार एवं कमल मालवीय सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### आरोपियों ने सड़क पर बिछाकर किया था राष्ट्रीय ध्वज का अपमान

# तिरंगे के अपमान पर वकीलों का फूटा गुस्सा, कोर्ट में आरोपियों की धुनाई

बता दें जैसे ही दोराहा थाना पुलिस आरोपी सलीम (पिता) समीर (पुत्र) और जलील (भाई) को लेकर न्यायालय पहुंची, वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के अपमान के मामले में गिरफ्तार बाप-बेटे और भाई को जब पुलिस न्यायालय में पेश करने पहुंची तो वहां स्थिति तनावपूर्ण हो गई। राष्ट्रभक्ति के जज्बे से भरे वकीलों का गुस्सा आरोपियों को देखकर फूट पड़ा और कोर्ट परिसर में ही उनकी जमकर धुनाई कर दी गई। वकीलों ने एक सुर में निर्णय लिया है कि देश का अपमान करने वाले इन आरोपियों की तरफ से कोई भी वकील कोर्ट में पैरवी नहीं करेगा।

बता दें जैसे ही दोराहा थाना पुलिस आरोपी सलीम (पिता) समीर (पुत्र) और जलील (भाई) को लेकर न्यायालय पहुंची, वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते बात हाथापाई तक पहुंच गई और




कुछ वकीलों ने आरोपियों के साथ मारपीट कर दी। कोर्ट परिसर में अचानक हुई इस घटना से गहमा-गहमी की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बीच-बचाव किया और आरोपियों को वकीलों के घेरे से निकालकर सुरक्षित स्थान पर ले गए।

#### वकीलों का निर्णय, नहीं लड़ेंगे केस

घटना के बाद वकील समुदाय में भारी आक्रोश देखा गया। सीहोर के वकीलों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि तिरंगे का अपमान करने वाले इन आरोपियों की पैरवी कोई भी स्थानीय वकील नहीं करेगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि तिरंगा हमारी आन-बान और शान है, जो लोग राष्ट्रीय ध्वज को सडक़ पर बिछाकर उसका अपमान कर सकते हैं, उन्हें कानूनी सहायता पाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

#### सख्त धाराओं में मामला दर्ज

पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 की धारा 2 और 3 के तहत केस दर्ज किया है। दोराहा थाना प्रभारी राजेश सिन्हा के नेतृत्व में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

#### सड़क पर बिछा दिया था तिरंगा

गौरतलब है कि दोराहा थाना क्षेत्र के ग्राम सिराड़ी में सलीम और उसके परिवार ने बड़ी लापरवाही और दुस्साहस दिखाते हुए तिरंगे झंडे को अपने घर के सामने सडक़ के बीचों-बीच बिछा दिया था। झंडा हवा में उड़े नहीं, इसके लिए आरोपियों ने उसके चारों कोनों पर पत्थर रख दिए थे। इसे देखकर ग्रामीण राहुल दांगी और अन्य ग्रामीणों का गुस्सा भडक़ गया, जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

## कांग्रेसजनों ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती



**सीहोर।** सीहोर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देशानुसार नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर की अध्यक्षता में महामत्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई गई। उपस्थित कांग्रेसजनों ने इस अवसर पर फुले जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके विचारों को याद करते हुए विवेक राठौर ने सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि भारतीय समाज सुधार के अग्रदूतों में से एक थे, महात्मा ज्योतिबा फुले जिनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को पुने में हुआ था। वे एक महान विचारक, लेखक और समाज सुधारक थे, जिन्होंने समाज में व्याप्त जाति-भेद, छुआछूत और लैंगिक असमानता के खिलाफ संघर्ष किया।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रीतम दयाल चौरसिया ने कहा कि फुले जी ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे महत्वपूर्ण साधन माना। उन्होंने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर 1848 में बालिकाओं के लिए पहला आधुनिक स्कूल खोला, जो उस समय एक क्रांतिकारी कदम था। उन्होंने दलितों और वंचित वर्गों को शिक्षा से जोडऩे का कार्य भी किया।

युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव हर्षदीप राठौर ने कहा कि महात्मा फुले ने अपने लेखन और कार्यों के माध्यम से सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों की वकालत की। उनका जीवन संघर्ष और सेवा का प्रतीक है, जो आज भी समाज को प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित कांग्रेसजनों में नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रीतम दयाल चौरसिया, युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव हर्षदीप राठौर, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले, आरती खंगराले, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, तुलसी राजकुमार राठौर, हरिओम सिसोदिया, अतीक चौधरी, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोकार्पण के 12 दिन बाद 7 अप्रैल से उपकेंद्र से शुरू हुई थी बिजली, अब संकट से निजात

# सीएम, सांसद, प्रभारी मंत्री और विधायक के नाम लिखे लोकार्पण पत्थर को नहीं मिला सम्मान, बंद कमरे में कैद





#### 26 मार्च को शहर के मंडी क्षेत्र में हुआ था विद्युत उपकेंद्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राजनीति में शिलालेख (लोकार्पण पत्थर) न केवल विकास का प्रतीक होता है, बल्कि उस पर अंकित नाम पद की गरिमा और सम्मान को दर्शाते हैं। लेकिन शहर के मंडी क्षेत्र में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद आलोक शर्मा के नाम वाला लोकार्पण पत्थर एक बंद कमरे की चारदीवारी में कैद होकर रह गया है। करीब सवा पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से बने इस सब-स्टेशन का लोकार्पण तो हो गया, लेकिन गरिमा और मर्यादा को कमरे में बंद कर दिया गया। बता दें मंडी क्षेत्र में 2 करोड़ 79 लाख रुपये की लागत से बने 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन का लोकार्पण पिछले दिनों प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर द्वारा किया गया था। सरकारी प्रोटोकॉल और परंपरा यह है कि शिलालेख पर उन्हीं अतिथियों के नाम सुनहरे अक्षरों में लिखे जाते हैं, जो समारोह में उपस्थित हों। परंतु यहां तो बिना आए ही मुख्यमंत्री और सांसद को मुख्य अतिथि बना दिया गया। अब यह पत्थर भवन के एक कमरे में रखा है। लोकार्पण के बाद भी 'अंधेरे' में रही जनता लापरवाही का आलम यह रहा कि 26 मार्च को तामझाम के साथ हुए लोकार्पण के बावजूद 12 दिनों तक सप्लाई शुरू नहीं हो सकी।

शिलालेख तो सज गया, लेकिन जनता के घरों में अंधेरा ही रहा। कुछ-कुछ दिन तो 6 से 7 बार बिजली गुल हुई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### जब सड़क पर उतरे लोग, तब मिली बिजली

लोकार्पण के बावजूद बिजली न मिलने से गुस्साए मंडी क्षेत्र के नागरिकों का सब्र तब टूट गया, जब सुबह से शाम तक बिजली गायब रही। लोगों ने मंडी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। इस विरोध प्रदर्शन और विभाग की जमकर हुई किरकिरी के बाद आनन-फानन में काम पूरा कर लोकार्पण के 12 दिन बाद यानी 7 अप्रैल से सप्लाई शुरू की गई।

#### पत्थर से क्या करना, बिजली मिल रही है

राजनीतिक गलियारों में भले ही बंद कमरे में कैद शिलालेख और प्रोटोकॉल की चर्चा हो, लेकिन स्थानीय रहवासियों का स्पष्ट कहना है कि नेताओं के नाम पत्थर पर लिखे हों या वे कमरे में बंद रहें, हमें इससे फर्क नहीं पड़ता। जनप्रतिनिधियों और बिजली कंपनी के प्रयासों से हमें बिजली संकट से निजात मिल गई है।

जेई जोन-2 सीहोर सुमित अग्रवाल ने बताया कि लोकार्पण कार्यक्रम में जो अतिथि थे, उन्हीं का नाम लोकार्पण पत्थर पर रहेगा। लोकार्पण शिलालेख को व्यवस्थित तरीके से लगाया जाएगा।

### आईपीसीए ने रेहटी को नौ विकेट से हराया

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को दो मैच खेले गए। इसमें पूर्व भारतीय टीम के विस्फोटक खिलाडी जेपी यादव ने आईपीसीए टीम की ओर से खेलते हुए मात्र 30 गेंद पर पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 53 रन बनाए थे। इससे आईपीसीए टीम ने रेहटी को नौ विकेट से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में मास्टर क्लब भोपाल ने सनराइज लालघाटी को 93 रन के अंतर से हराया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, भाजपा के युवा नेता समीर मेवाड़ा, आयोजन समिति की ओर से चेतन मेवाड़ा और मनोज दीक्षित मामा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर पूर्व भारतीय टीम के विस्फोटक बल्लेबाज यादव ने किया यह मैदान मेरे लिए आदर्श है। शनिवार को खेले गए मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी रेहटी क्रिकेट टीम 20 ओवर भी नहीं खेल पाई 12.5 ओवर में 89 रन पर ढेर हो गई। इसमें आईपीसीए की ओर से गेंदबाजी करते हुए विनोद पाल ने तीन ओवर में मात्र सात रन देकर चार विकेट, सन्नी भटनागर पूर्व रंजी खिलाडी ने तीन विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईपीसीए की टीम ने विजय लक्ष्य नौ ओवर में एक विकेट खोकर हासिल किया। सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी जेपी यादव ने 53 रन की तूफानी पारी खेली।

# टीईटी परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया तख्तियां लेकर जमकर की नारेबाजी

### शिक्षक वाहन रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे




**इछावर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर शनिवार को तहसील क्षेत्र के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने टीईटी परीक्षा के विरोध में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में शिक्षकों ने वाहन रैली निकालकर तहसील कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और परीक्षा निरस्त करने की मांग की।

शनिवार को ब्लॉक के शिक्षक - शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में नगर के दशहरा मैदान स्थित गिलावनी माता मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। शाम करीब साढ़े चार बजे वाहन रैली निकालते हुए सब्जी बाजार , पान चौराहा , अस्पताल , थाना रोड से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान प्रदर्शनकारी टीईटी परीक्षा



निरस्त करो लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते रहे। संगठन के पदाधिकारी इंदरसिंह ठाकुर , महेश राठौर ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों को भी टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य हो गया है। उनका कहना है कि यह नियम 20 - 30 वर्षो से पढ़ा रहे शिक्षकों के अनुभव का अपमान है। नियुक्ति के दौरान ऐसा कोई नियम नहीं था।

**ज्ञापन में रखी प्रमुख मांगे :** शिक्षकों ने ज्ञापन के माध्यम से टीईटी परीक्षा को तत्काल रद्द करने की मांग की।

# पंचकोशी यात्रियों की सेवा कर निभाया सामाजिक दायित्व





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

उज्जैन में चल रही पांच दिवसीय पंचकोशी यात्रा के दौरान रविवार को तितली सोशल वेलफेयर सोसायटी ने यात्रियों की सेवा कर मानवता का उदाहरण प्रस्तुत किया। लगभग 100 किलोमीटर से अधिक की इस पैदल यात्रा में देशभर से आए श्रद्धालु सुख-शांति और मनोकामना पूर्ति की भावना के साथ परिक्रमा कर रहे हैं। इस यात्रा में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। इसी क्रम में रविवार को तितली सोशल वेलफेयर सोसायटी की टीम ने यात्रियों के लिए विशेष सेवा शिविर लगाया। सेवा स्थल पर यात्रियों के बैठने के लिए टेंट की व्यवस्था की गई तथा करीब दो हजार गिलास ठंडा रसना और ठंडा पानी वितरित किया गया। भीषण गर्मी में ठंडे पेय और पानी की सुविधा मिलने से यात्रियों को बड़ी राहत मिली। संस्था के सदस्यों ने बताया कि वे लगातार पिछले तीन वर्षों से पंचकोशी यात्रियों की सेवा करते आ रहे हैं। उनका कहना है कि मानव सेवा से आत्मिक शांति मिलती है और बाबा महाकाल के आशीर्वाद से उन्हें यह सेवा करने का अवसर मिला है। समिति ने आगे भी इसी तरह सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का संकल्प लिया।




## आमला चौराहे पर किया मंत्री विजयवर्गीय और प्रभारी मंत्री का स्वागत


हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शनिवार को आगर से सुसनेर कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे मंत्रीद्वय का नलखेड़ा नगर व आसपास के पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आमला चौराहे पर मंच बनाकर स्वागत किया गया। स्थानीय भाजपा नेता अमित तांतेड़ द्वारा बनाए गए मंच से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं प्रभारी मंत्री नागरसिंह चौहान का स्वागत कर प्रभु श्रीराम का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया गया। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, जिलाध्यक्ष ओम मालवीय, पूर्व जिलाध्यक्ष चिंतामण राठौर, मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, बड़ागांव नप के पूर्व अध्यक्ष उदयसिंह यादव,पार्षद गोवर्धन वेदिया, मंडल महामंत्री शिवम नागर, दिनेश धूपिया आदि उपस्थित थे।

### समाजजनों द्वारा की गई अगवानी

# चंदनबाला श्रीजी का नगर में हुआ मंगल प्रवेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चंदनबाला श्रीजी म.सा आदि ठाणा 5 का रविवार को मंगल प्रवेश हुआ। समाज जनों द्वारा गुरूवर्या की अगवानी कर नगर में प्रवेश जुलूस निकाला गया।

नगर के गुदरावन मार्ग पर स्थित श्री पार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी का निर्माण कार्य चंदनबाला श्रीजी म.सा आदि साध्वी मंडल के मार्गदर्शन में वर्ष 2022 में संपन्न होकर मंदिर दादावाड़ी प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हुआ था। प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम के बाद चंदनबाला श्री जी म.सा. का नलखेड़ा नगर में रविवार को आगमन हुआ। जैन समाज जनों द्वारा प्रातः 8:00 बजे शिवाजी चौराहा से नगर में बैंड बाजे एवं ढोल ढमाकों के साथ मंगल प्रवेश का चल समारोह निकाला गया। चल समारोह के दौरान स्थान-स्थान पर समाज जनों द्वारा अगवानी कर गुरूवर्या श्री के समक्ष गहूली की गई। चल समारोह में हेम प्रभा महिला मंडल तथा चंद्रप्रभु बहु मंडल की सदस्या ड्रेस कोड में हाथों में मंगल कलश लिए चल रही थी। प्रमुख मार्गो से चल समारोह श्री चंदा प्रभुजी जिन मंदिर पर पहुंचा जहां पर चैत्य वंदन कार्यक्रम के बाद जैन आराधना भवन में गुरूवर्याश्री के मंगल प्रवचन का कार्यक्रम हुआ। गुरूवर्या चंदनबाला श्री जी म.सा. आदि ठाणा 05 जैन आराधना भवन हनुमान मंदिर पर विराजित रहेंगे जहां पर प्रतिदिन प्रातः 9:30 से 10:30 तक प्रवचन का कार्यक्रम होगा।



#### मंदिर शिखर पर नूतन ध्वजा कार्यक्रम 22 को

चंदनबाला श्रीजी की पावन निश्रा में नगर के गुदरावन मार्ग पर स्थित श्री पार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी के शिखर पर नूतन ध्वजा कार्यक्रम 22 अप्रेल को होगा। लाभार्थी धूपिया एवं तिलगोता परिवार द्वारा मंदिर शिखर पर नूतन ध्वजा चढ़ाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### फर्जी सीआरपीएफ डीआईजी गिरफ्तार



**देवास।** शहर में सिटी कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक फर्जी सीआरपीएफ डीआईजी को गिरफ्तार किया है। बस स्टैंड क्षेत्र में संदिग्ध हालत में खड़ी लाल बत्ती लगी कार की जांच के दौरान युवक ने खुद को सीआरपीएफ डीआईजी बताया, लेकिन जांच में उसका आईडी कार्ड फर्जी निकला।पुलिस ने आरोपी सौरभ राणा को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसके पास से नकली टोपी भी बरामद हुई। आरोपी भोपाल का रहने वाला है और ड्राइवर का काम करता है।कोतवाली टीआई श्याम चन्द्र शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी बस स्टैंड के पास टैक्सी पासिंग कार खड़ी हुई है। पूछताछ और हुलिया से सामने आया कि व्यक्ति फर्जी तरीके से इस तरह का काम कर रहा है। विधिवत कार्रवाई करके थाना पर लाया गया। बीएनएस की धारा 318,319 सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। गाड़ी में बत्ती लगी थी, पुलिस की कैप रखी हुई थी। गाड़ी में ड्राइवर भी था। जो आईडी कार्ड दिखाया गया वो फर्जी था। आरोपी सौरभ राणा निवासी भोपाल मूलतः सागर का निवासी है जो सर्विस सेंटर में काम करने वाला कर्मचारी है। ड्राइवर मोहन विश्वकर्मा निवासी भोपाल हैं जिसके द्वारा गाड़ी में लाल बत्ती लगाना पुलिस लिखवाया गया है।

### भोपाल हाईवे पर भीषण हादसा: दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत

# सोनकच्छ से तेरहवीं का सामान लेकर लौट रहे थे, दर्दनाक हादसे में युवकों की गई जान

### भौरासा थाना अंतर्गत नेवरी फाटे पर देवास भोपाल हाईवे पर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा







जिले में भोपाल हाईवे पर नेवरी फाटा के पास शनिवार रात हुए भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल है। हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। भौरासा थाना अंतर्गत नेवरी फाटा चौकी के समीप शनिवार रात तेज रफ्तार एक्सयूवी कार (MP-09-NP-8000) अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, कार को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी, जिससे संतुलन बिगड़ गया और वाहन सड़क किनारे जा टकराया। हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीन युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।तेरहवीं का सामान लेकर लौट रहे थे, एक की हालत नाजुकमृतकों में मोहित (22) निवासी ग्राम गुनाई भौरासा, शुभम (24) और प्रदीप (20) निवासी दूधलाई सोनकच्छ शामिल हैं। शुभम और प्रदीप सगे भाई थे। सभी युवक किसान परिवार से जुड़े थे और अपने दादाजी के नुक्ते (तेरहवीं) के लिए सामान लेकर सोनकच्छ से लौट रहे थे। हादसे के समय मोहित कार चला रहा था।हादसे में सचिन पिता दिलीप नागर निवासी सुल्पाखेड़ी बरोठा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डायल 112 और टोल टैक्स एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉ. राहुल गेहलोत ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे आदियोगी अस्पताल रेफर किया।घटना की सूचना मिलते ही भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डबल रजिस्ट्री कराकर 15 लाख रुपए हड़पने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### ऑपरेशन हवालात के तहत की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

ऑपरेशन हवालात के तहत कमलापुर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस थाना कमलापुर प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 26 जून 2024 को फरियादीया पूनम पति सूरज दुबे निवासी बाणगंगा इंदौर ने बागली पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने अनिल निषाद दलाल के माध्यम से 2024 में हरि सिंह पिता नंद सिंह राठौर निवासी ग्राम पालखा थाना कमलापुर व उसके लड़के सुरेंद्र उर्फ गब्बर सिंह से 15 लाख रुपए में ग्राम पालखा स्थित जमीन खरीदी गई थी, जिसकी आरोपी हरि सिंह द्वारा विधिवत रजिस्ट्री कराई गई थी, जिसमें फरियादी को बाद में पता चला कि जिस जमीन को देख कर आरोपी द्वारा रजिस्ट्री करवाई गई थी वह जमीन सरकारी है, और जिस भूमि सर्वे नंबर की जमीन की रजिस्ट्री की गई थी। वह जमीन किसी और के कब्जे में है और उक्त जमीन को आरोपी हरि सिंह ने 2022 में भी मनीष तिवारी व ओम प्रकाश यादव निवासी इंदौर को भी बेचकर रजिस्ट्री करवा चुका है। मीणा ने बताया कि फरियादी को जब इस बात का पता चला तो फरियादी ने अपने पैसे वापस मांगना चाहा किंतु आरोपियों द्वारा उसे पैसे लौटाने से इनकार कर दिया था। इसके पश्चात फरियादी द्वारा थाना बागली पर लिखित शिकायत की गई थी जिसकी जांच उपरांत आरोपी हरि सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिंह राजपूत और अनिल निषाद के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

आरोपी गणों को जैसे ही पता लगा कि उनके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध हो गया है तभी से आरोपीगण लगातार फरार चल रहे थे। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के इनाम की घोषणा की गई थी। थाना प्रभारी कमलापुर मीणा के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम द्वारा लगातार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार को मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी हरिसिंह राठौड़ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# रैली निकालकर शिक्षक संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम बागली के विधायक को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




शिक्षक साथियों की 30-35 वर्ष की सेवा के बाद 50-55 वर्ष की उम्र में शिक्षक पात्रता परीक्षा लेना अव्यवहारिक और असंवेदनशील निर्णय है। मध्यप्रदेश अध्यापक -शिक्षक संयुक्त मोर्चा ब्लाक बागली ईकाई द्वारा प्रादेशिक आह्वान पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन बागली विधायक को दिया गया। इस दौरान शिक्षक साथियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को भी ज्ञापन की एक प्रति दी दी। ब्लाक की बागली, हाटपिपल्या तथा उदयनगर तहसील के सैकड़ों अध्यापक - शिक्षक साथी पुराने तहसील भवन प्रांगण में उपस्थित होकर रैली के रूप में विधायक निवास और अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचे। शिक्षक साथियों ने अपने वरिष्ठ शिक्षक साथी सुभाष चावड़ा का भी सेवानिवृत्त होने पर सामूहिक अभिनंदन किया। इस अवसर बडी संख्या में महिला और पुरुष शिक्षक उपस्थित रहे तथा आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में प्रांतीय आह्वान पर अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने के लिए संकल्प लिया।

# उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य में मल्हार स्मृति मंदिर देवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" अंतर्गत हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक देवास गायत्रीराजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण तथा कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार अन्य अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में नारी शक्ति तथा हितग्राहीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के अवसर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कई हितग्राही योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है। शासन द्वारा जितनी भी योजनाएं चलाई जा रही है उसके क्रियान्वयन के लिए टीमें गांव-गांव, घर-घर जाकर संपर्क करेंगी और उन अगर कोई पात्र व्यक्ति वंचित रह गए हों तो उनकी भी सूची तैयार करके उन्हें हितलाभ दिया जाएगा। वर्तमान में महिला सशक्तिकरण का अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार द्वारा तीन दिन का विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है, इसमें महिला आरक्षण का बिल लाया जाएगा।कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म हुआ था। बाबा साहब की यह जयंती पूरे देश में उत्साह और उल्लास के साथ मनाई जाती है। हम सब को पता है कि भारत का संविधान जो पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान है। उस संविधान के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी और उसके संयोजक थे। पूरे विश्व में भारत के संविधान की एक अलग पहचान है। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर विचारक और विद्यवान थे। वे साधारण परिवार से थे, परंतु उन्होंने कठिन परिश्रम कर विदेश में पढ़ाई की एवं पढ़ाई कर शीर्ष स्तर तक पहुंचे। वे देश के केंद्र में कानून मंत्री भी रहे हैं। बाबा साहब को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया गया और हम सब को गर्व है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का जन्म मध्यप्रदेश के महू में हुआ था। यह मध्यप्रदेश के लिए बढ़ी ही गौरव की बात है। ऐसे महान व्यक्ति का जन्म हमारे मध्यप्रदेश के महू में हुआ। बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने सारे गरीब, शोसित और जो समाज में सबसे कमजोर वर्ग के लोग थे, उनके बारे में पूरा विचार किया और उनके लिए संघर्ष करके उन्हें उनका अधिकार दिलवाया। उन्होंने समाज में समरसता का भाव कैसे हो यह बात उन्होंने अपने विचारों से समाज के अंदर प्रोत्साहित करके और संघर्ष करके उनको स्थान दिलाने का कार्य किया।

# सांदीपनि विद्यालय में हुआ उत्कृष्ट छात्रों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



स्थानीय शासकीय सांदीपनि विद्यालय बागली में मेधावी छात्रों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 5वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विद्यालय परिवार द्वारा टॉपर छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पानी की बोतल भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों की मेहनत और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में वर्तमान में कुल 45 स्टाफ सदस्य कार्यरत हैं, आगामी समय में स्टाफ की संख्या बढ़ाकर 71 करने की योजना भी बनाई गई है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके।विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश डाबी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं और उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं। सत्र 26-27 में 1830 छात्र छात्राओं का लक्ष्य बताया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपक परिहार ने किया व आभार सोनिया वर्मा ने व्यक्त किया।

### उपायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

**देवास।** निगम उपायुक्त वित्त दीपक पटेल द्वारा वार्ड क्रमांक 7, 8 एवं 9 में सड़कों की नियमित सफाई, बड़े नाले नालियों की सफाई व्यवस्था के साथ उज्जैन रोड कमर्शियल एरिया एवं स्ट्रीट वेंडर जोन का निरीक्षण किया जिसमें फव्वारों,लिटरबिन रिपेयर हेतु संबंधित अधिकारियों व कर्मचारी को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त द्वारा प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक को उज्जैन रोड नाले की नियमित सफाई, खुले प्लाटों में कचरे पर नियंत्रण लगाए जाने तथा समयबद्ध कूडा उठाने हेतु सुनिश्चित करने के निर्देश दिये साथ ही अतिक्रमण टीम के साथ अभियान चलाकर कहा गया।

# लंबे अरसे के बाद उप स्वास्थ्य केंद्र का उपमुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर परिषद करनावद में सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत बने नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण लंबे इंतजार के बाद रविवार के दिन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा किया गया जिसको लेकर लगातार खबरें प्रकाशित कर जिम्मेदारों को अवगत कराया जा रहा था।

उक्त भवन पुर्व विधायक पहाड़सिंह कन्नोजे के प्रयास से क्षेत्र की जनता के लिए स्वीकृत हुआ था।रविवार के दिन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा नगर करनावद पहुंचे जहां पर नगर परिषद के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान उक्त स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण एवं अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जल प्रदाय योजना के लिए भूमि पूजन किया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया,नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, सीएमओ महेश परमार सहित कई वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।नगर परिषद द्वारा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा का प्रथम नगर आगमन पर स्वागत किया गया। जल प्रदाय योजना का संचालन शुरू होने के बाद नगर में पेयजल समस्या से नगर वासियों को निजात मिलेगी।

### स्वाभिमान यात्रा को लेकर डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय युवा संघ द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित

# धूमधाम से निकलेगी यात्रा, सर्व समाज को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




डॉ. बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जाने वाली स्वाभिमान यात्रा को लेकर डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय युवा संघ (डेरिस 50 फाइटर्स टीम), जिला देवास द्वारा स्थानीय वरिष्ठ पत्रकार सभा गृह मल्हार स्मृति में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता एवं संगठन की राष्ट्रीय महासचिव बबीता चौहान ने स्वाभिमान यात्रा की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यात्रा का 10 वां वर्ष है।

बोधिसत्व, संविधान निर्माता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती पर निकलने वाली स्वाभिमान यात्रा इस वर्ष भी भव्य रूप में निकलेगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। हमे बाबा साहब को सिर्फ माला पहनाने व जय भीम जय भीम के नारो तक ही सीमित नहीं रहना है, अपितु बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए। जिससे देश व समाज की प्रगति हो और आपस में समरसता बनी रहे। यात्रा में हजारों की संख्या में अंबेडकर अनुयाई व समाजजन की शामिल होने की संभावना है। स्वाभिमान यात्रा की तैयारी गांव गांव जाकर जनसंपर्क कर संगठन द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। जिले सहित प्रदेशभर में बैठको का दौर जारी है। यात्रा में पारम्परिक आदिवासी नृत्य, बग्गी, घोड़े ,ढोल, डीजे, बाबा साहब की जीवनी पर आधारित आकर्षक झांकियां, संत-महापुरूषो के विचारो के पोस्टर व चित्रण आदि आकर्षण का केन्द्र रहेगी। संगठन जिलाध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक हेमंत मालवीय ने देवास शहर सहित जिलेभर के सर्वसमाज के लोगो से यात्रा में उपस्थित होने का आव्हान किया, जिससे सामाजिक समरसता उभरकर सामने आए और एक-दूसरे के प्रति सभी का आदर व सम्मान बना रहे। श्री मालवीय ने बताया कि यात्रा 14 अप्रैल को शाम 4 बजे के. पी. कॉलेज नाहर दरवाजा से शुरू होगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उज्जैन तिराहा स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पहुंचकर सम्पन्न होगी।

जिला सचिव विक्की मालवीय ने संगठन के कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हमारा संगठन स्वाभिमान यात्रा तक ही सिमित नहीं है। वर्षभर हमारे कार्यकर्ता रक्तदान के साथ जनहित व समाजहित के मुद्दे उठाते रहते है। संगठन द्वारा निःशुल्क कोचिंग क्लासेस भी गांव-गांव में संचालित की जाती है। इस अवसर पर प्रकाश सुनवानिया, गजेंद्र बामनिया, सुशील शिंदे, राजेश मालवीय, संजय जाटवा, कमल मकवाना, राकेश राठौर, अजय चौहान, सुरेश चौहान, सुरेश अगिरवार, रवि सोलंकी, विनोद चौहान, राधे परमार, श्याम अहिरवार,राजेश बंजारिया, राकेश अहिरवार, राधेश्याम मकवाना, देवेंद्र चौहान, विजय मालवीय, अमन, सहित बडी संख्या में संगठन कार्यकर्ता व समाजजन उपस्थित थे।

## कई राज्यों के दिग्गजों की रही उपस्थिति, नवदंपत्तियों को दिया आशीर्वाद

# समाजसेवी सुरेश गिरी के सेवा संकल्प से महका कन्या विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-गांगाहोनी






समाज सेवा जब निस्वार्थ भाव से की जाए, तो वह न केवल मिसाल बनती है बल्कि समाज को नई दिशा भी प्रदान करती है। ऐसा ही कुछ नजारा हाल ही में आयोजित निःशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन में देखने को मिला। समाजसेवी सुरेश गिरी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल निर्धन परिवारों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी, बल्कि विभिन्न राज्यों से आए समाज के कर्णधारों को एक मंच पर ला खड़ा किया।

### चार जिलों और तीन राज्यों का अनूठा संगम

इस आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें मध्यप्रदेश के गुना, शाजापुर, अशोकनगर और भोपाल के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत की। इतना ही नहीं, कार्यक्रम की ख्याति सात समंदर पार न सही, पर सरहदों के पार महाराष्ट्र और राजस्थान तक पहुंची, जहां से समाज के प्रदेश अध्यक्षों ने विशेष रूप से पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### सेवाभावी कार्यों की चौतरफा सराहना

सम्मेलन के दौरान मंच से बोलते हुए विभिन्न राज्यों के अध्यक्षों और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सुरेश गिरी के सेवाभावी व्यक्तित्व की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। वक्ताओं ने कहा किः आज के दौर में निःशुल्क कन्या विवाह जैसे पुनीत कार्य का बीड़ा उठाना साहस और संवेदनशीलता का परिचायक है। सुरेश गिरी ने जो राह दिखाई है, वह समाज के लिए अनुकरणीय है।

### समाज को नई दिशा देने का आह्वान

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने समाज के सभी समर्थ जनों से आग्रह किया कि वे सुरेश गिरी के इस 'नेक मिशन' से प्रेरणा लें। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति ऐसे कार्यों में आगे आए, तो सामाजिक कुरीतियों और आर्थिक बाधाओं को दूर कर समाज को एक नई और सकारात्मक दिशा दी जा सकती है।

### सफलतापूर्वक संपन्न हुआ आयोजन

पूरी तरह निःशुल्क रहे इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहीं। आयोजन की सफलता ने यह साबित कर दिया कि सामूहिक प्रयासों और नेक इरादों से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक मदद पहुंचाई जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में सुरेश गिरी ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण

# संकरे रेलवे अंडरब्रिज मामले में प्रशासन हरकत में आया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

खबर का असर

कांकरिया-कुरावर मार्ग पर निर्माणाधीन रेलवे अंडरब्रिज की संकरी चौड़ाई को लेकर प्रकाशित खबर का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। 29 गांवों के ग्रामीणों की चिंता और विरोध के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है।

शनिवार को नायब तहसीलदार सुनीता सिंह ने मौके पर पहुंचकर अंडरब्रिज निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति और डिजाइन का बारीकी से अवलोकन किया तथा रेलवे विभाग के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई कि अंडरब्रिज की प्रस्तावित चौड़ाई लगभग 13 फीट होने के कारण बड़े वाहनों की आवाजाही में गंभीर बाधाएं उत्पन्न हो सकती हैं। ट्रैक्टर-ट्रॉली, हार्वेस्टर और मालवाहक वाहनों के निकलने में कठिनाई के साथ-साथ आमने-सामने वाहनों के क्रॉसिंग में भी समस्या बनी रहेगी, जिससे जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ सकती है। ग्रामीणों द्वारा पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन और संभावित समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार ने रेलवे अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंडरब्रिज की चौड़ाई और ऊंचाई बढ़ाने के विकल्पों पर तत्काल विचार किया जाए। साथ ही बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को देखते हुए समुचित जल निकासी व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कई ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे, जिन्होंने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रखीं। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही अंडरब्रिज निर्माण में आवश्यक सुधार किए जाएंगे। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ठोस निर्णय लेकर कार्य में बदलाव नहीं किया जाता, तब तक उनकी चिंता बनी रहेगी। फिलहाल सभी की नजर प्रशासन और रेलवे विभाग के अगले कदम पर टिकी हुई है।

# भीषण गर्मी में 8 दिनों से सूखे नल, वाटर सप्लाई कंपनी पर लापरवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 व 13 में पिछले 8 दिनों से नलों में पानी नहीं आने से रहवासियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। भीषण गर्मी के इस दौर में जल संकट ने हालात और गंभीर कर दिए हैं। वार्डवासियों का कहना है कि नियमित जल सप्लाई पूरी तरह ठप है, जिससे उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। लोग दूर-दराज के स्त्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं, वहीं कई परिवार महंगे दामों पर टैंकर मंगवाकर अपनी जरूरतें पूरी कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों ने इस समस्या के लिए रिआन वाटर सप्लाई कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि कंपनी द्वारा समय पर जल आपूर्ति नहीं की जा रही है और शिकायतों के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। इस संबंध में जब रिआन वाटर सप्लाई के प्रभारी दिवाकर शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 12 व 13 के तलेन रोड स्थित पुलिया के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से पाइपलाइन टूटकर क्षतिग्रस्त हो गई है। इसी कारण उस क्षेत्र की जल सप्लाई बाधित हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मरम्मत कार्य जारी है और सोमवार तक नल कनेक्शन पुनः चालू कर दिए जाएंगे। फिलहाल, भीषण गर्मी के बीच जल संकट से जूझ रहे वार्डवासियों को राहत मिलने का इंतजार है।

# हाईस्कूल भवन का लोकार्पण, ओंकारपुरा में बनेगा 25 लाख का सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



शनिवार को क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने ग्राम मवासा में 1 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से निर्मित हाईस्कूल भवन का विधिवत फीता काटकर लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में लगातार बड़े पैमाने पर कार्य कर रही है, जिससे गांवों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान ओंकारपुरा में 25 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध कराई जा रही है और क्षेत्र में करोड़ों रुपये के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। कार्यक्रम में भाजपा नेता शिव वैध, जिला मंत्री सतेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश दांगी, मंडल अध्यक्ष ब्रजमोहन गुर्जर, रवि मीणा, राकेश चावड़ा, जगदीश रुहेला, जसवंत चावड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामवासियों ने जनप्रतिनिधियों का पुष्पमाला व साफा पहनाकर स्वागत किया।

# शिक्षक संघ ने टीईटी अनिवार्यता खत्म करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, ब्लॉक सारंगपुर द्वारा शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न मांगों को लेकर मध्यप्रदेश शासन के नाम राज्य मंत्री गौतम टेटवाल एवं नायब तहसीलदार गोपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने तथा पूर्व नियुक्त शिक्षकों को राहत देने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 1997 से 2013 तक शिक्षा कर्मी, संविदा शिक्षक एवं गुरूजी के रूप में नियुक्त शिक्षकों ने वर्षों तक सेवाएं दी हैं। इसके बाद शासन द्वारा तय मापदंडों के अनुसार उन्हें नियमित शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। वर्तमान में ये शिक्षक 20 से 28 वर्षों से शासकीय स्कूलों में कार्यरत हैं, ऐसे में उन पर टीईटी की अनिवार्यता लागू करना अनुचित है। संघ ने मांग की है कि वर्ष 2013 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टीईटी से पूर्णतः छूट दी जाए। साथ ही अनुकंपा नियुक्ति से आए शिक्षकों को भी उनके कार्यानुभव के आधार पर परीक्षा से राहत प्रदान की जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के अनुसार सेवा शर्तों में बाद में बदलाव नहीं किया जा सकता, इसलिए शिक्षकों को राहत मिलना चाहिए। इसके अलावा वर्ष 2018 में जारी आदेशों में संशोधन कर वरिष्ठता का निर्धारण प्रथम नियुक्ति तिथि से किए जाने की मांग भी रखी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे और सामूहिक रूप से अपनी मांगों का समर्थन किया। ज्ञापन सौंपते हुए शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अनिल पांडे,आरके राठौर,पूजा विजयवर्गीय, वैजन्ती चैरसिया, राखी सिंह, नीतू गुप्ता, सतीश विजयवर्गीय, कालूराम मालवीय, तारीख अंसारी सहित शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे।

## अवैध उत्खनन मामले में सख्त कार्रवाई

# 15.37 लाख रु. की वसूली के लिए मशीनरी राजसात, होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कुरवाई तहसील अंतर्गत अवैध खनन के एक प्रकरण में पर कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए हैं।

18 दिसम्बर 2019 को ग्राम विशनपुर तहसील कुरवाई में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी। इस दौरान एक पोकलेन मशीन, एक नाव (पनडुब्बी), एक डंपर तथा अवैध रूप से उत्खनित रेत को जब्त किया गया था। कार्रवाई के बाद सारिका पत्नि रघुराज द्विवेदी निवासी बीना पर 15 लाख 37 हजार 500 रुपए का अर्थदंड लगाया गया, लेकिन संबंधित द्वारा राशि जमा नहीं की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा प्रकरण में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अर्थदंड की वसूली के लिए जब्त सामग्री एक पोकलेन, एक नाव एवं एक डंपर को राजसात करने का आदेश पारित किया है।

साथ ही उपखंड अधिकारी कुरवाई एवं जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि 7 दिवस के भीतर उक्त जब्त वाहनों एवं मशीनरी की विधिवत नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर बकाया अर्थदंड राशि की वसूली की जाए।

# महाविद्यालय में समता दिवस का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शासकीय महाविद्यालय में त्रैमासिक कैरियर कैलेंडर के अंतर्गत विद्यार्थियों को सामाजिक समता के अंतर्गत करियर सुलभ कराने के लिए शासन की योजनाओं की जानकारी करियर मार्गदर्शन प्रभारी डॉ. दीपिका जोशी द्वारा प्रदान की गई।

करियर प्राप्त करने व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में विद्यार्थियों को अनेक समस्याओं का सामना कैसे करना चाहिए उक्त बिंदु पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. ममता खोईया ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा वित्तीय संस्थानों, नाबार्ड और डीआईसी आदि से कैरियर मार्गदर्शन के लिए वीडियो का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का आभार डॉ. विमल लोदवाल द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ.फारूक पठान, डॉ. दीप्ति सिसोदिया, डॉ. संगीता गुप्ता ,डॉ. भाविक वोरा, डॉ. सुरेंद्र यादव व समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर कनिका ने बढ़ाया नगर का मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर के लिए गर्व और खुशी का विषय है कि सोमानी परिवार की सुपुत्री कनिका माहेश्वरी ने एमबीबीएस की डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त कर ली है। दीक्षांत समारोह में डिग्री हासिल करते हुए उन्होंने अपने परिवार, समाज और पूरे नगर का नाम रोशन किया। कनिका माहेश्वरी है पिता कपिल माहेश्वरी की इस उपलब्धि पर नगरवासियों में हर्ष का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

नगरवासियों का कहना है कि कनिका की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है, जो अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर प्रयास करते हुए यह मुकाम हासिल किया है। नगर के गणमान्य नागरिक मनोज गोयल, राजेंद्र सोमानी, विजय सोमानी, डॉ. नवीन अग्रवाल, डॉ. नरेश कुमार गवली, राकेश महेश्वरी, सत्यनारायण महेश्वरी, राजेंद्र बाहती, बाला प्रसाद, घनश्याम गर्ग आदि ने भी कनिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान और सेवाभाव से समाज की सेवा करेंगी तथा चिकित्सा क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएंगी। कनिका माहेश्वरी की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे कुरावर नगर का गौरव बढ़ा है।

## समाज के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का कार्यक्रम में किया सम्मान

# महात्मा फुले जयंती पर नगर में निकली शोभायात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



महात्मा फुले युवा मंच एवं फूल माली समाज के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 जयंती नगर में शोभा यात्रा निकाल कर एवं सम्मान समारोह आयोजित कर मनाई गई।

नगर के मध्य स्थित श्री अंबेमाता मंदिर में पुजा अर्चना कर महात्मा ज्योतिबा फुले की झांकी रथ में सजाकर ढोल धमाके के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई शोभा यात्रा में तिरंगा ध्वज हाथ में लिए घोड़े पर सवार होकर अशोक पुष्पद सबसे आगे चल रहे थे। शोभायात्रा मुखर्जी चौक टेंशन चौराहा जोशी दवाखाना भेरू दरवाजा रोड नजीबाबाद स्कूल महाराणा प्रताप चौराहा बस स्टैंड से महात्मा ज्योतिबा फुले प्रतिमा स्थल पर पहुंचा। जहां अतिथियों द्वारा महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर महात्मा फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोभायात्रा पुनः पुराने हाईवे थाने के सामने होते हुए बालाजी गार्डन पहुंची जहां शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस दौरान समाज के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा अन्य कर्मचारियों का प्रतीक चिन्ह तथा दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले दलितों एवं पिछड़ों के मसीहा थे, उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी तथा, नारी शिक्षा व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अपना जीवन समर्पित करने वाले महान समाज सुधारक थे। कार्यक्रम को फूल माली महापंचायत प्रदेश प्रभारी नरेंद्र पुष्पद भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना निलेश वर्मा प्रदीप सादानी फूल माली सोशल उत्थान समिति प्रदेश अध्यक्ष संतोष पुष्पद फूल माली महापंचायत प्रदेश महामंत्री दीपक पुष्पद परगना पंचायत जीरापुर खिलचीपुर अध्यक्ष अजय मालाकार हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला पार्षद राकेश पुष्पद राधेश्याम बागवान सत्यानंद महाराज बबिता चोहान महात्मा फुले समता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा फूले ने सामाजिक बुराईयों को दूर करते हुए महिलाओ की शिक्षा पर जोर दिया शोभायात्रा प्रभारी प्रभारी जगदीश पुष्पद तलेनी तहसील समिति प्रभारी जगदीश पुष्पद पचोर वैभव पुष्पद अशोक पुष्पद खुशीलाल पुष्पद ने कार्यक्रम संयोजक महात्मा फुले क्षमता परिषद जिला अध्यक्ष मनोज पुष्पद ने सभी अतिथियों का साफा बांधकर तथा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया।